# दिनांक 12 जनवरी, 2021 को अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत शिकायतों के निवारण हेतु लोकपाल का जनपदवार चयन करने हेतु चयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 12 जनवरी 2021 को अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत शिकायतों के निवारण हेतु लोकपाल का जनपदवार चयन करने हेतु चयन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में एजेण्डावार बिन्दुओं पर चर्चा की गयी, जिसका कार्यवृत्त निम्नवत् है–

**कार्यवृत्त (Agenda) – 1** – बैठक में प्रदेश के 07 जनपदों (अल्मोड़ा, बागेश्वर, चमोली, देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी एवं रुद्रप्रयाग) के लोकपाल के रिक्त पद के सापेक्ष उपयुक्त अभ्यर्थी का चयन किये जाने हेतु जनपदों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार किया गया, जिसमें समिति द्वारा जनपदवार निम्न अभ्यर्थियों को चयनित किया गया एवं वरीयता क्रम दिया गया–

| क्र०सं० | जनपद | पैनल हेतु उपलब्ध कराये गये नाम | उपस्थित / अनुपस्थित | अभ्युक्ति / चयनित वरीयता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्मोड़ा | श्री राजेन्द्र राम | उपस्थित | चयनित |
| | | श्री शंकर दत्त तिवारी | उपस्थित | — |
| 2 | बागेश्वर | श्री भूपेन्द्र सिंह भाकुनी | अनुपस्थित | — |
| | | डा० दरबान सिंह रावत | उपस्थित | चयनित |
| | | श्री नीलकंठ भट्ट | उपस्थित | — |
| 3 | चमोली | श्री गिरीश लाल आर्य | उपस्थित | — |
| | | श्री महेन्द्र सिंह रावत | उपस्थित | — |
| | | श्री विजयपाल सिंह नेगी | उपस्थित | चयनित |
| 4 | देहरादून | श्रीमती रेखा पुण्डीर | उपस्थित | प्रथम वरीयता |
| | | डा० राजेन्द्र सिंह पोखरिया | उपस्थित | द्वितीय वरीयता |
| | | श्री सरदार सिंह चौहान | उपस्थित | — |
| 5 | हरिद्वार | श्री आशीष कुमार | उपस्थित | — |
| | | श्रीमती मिथलेश | उपस्थित | चयनित |
| | | श्रीमती सीमा चौहान | उपस्थित | — |
| 6 | पौड़ी गढ़वाल | डा० अरूण कुकसाल | उपस्थित | चयनित |
| | | श्री देवकी नन्दन शाह | उपस्थित | — |
| | | श्री जय बल्लभ चमोली | उपस्थित | — |
| 7 | रुद्रप्रयाग | श्री प्यार सिंह नेगी | उपस्थित | — |
| | | श्री राकेश चन्द्र उनियाल | अनुपस्थित | — |
| | | श्री विजयपाल सिंह रावत | उपस्थित | चयनित |

6 जनपदों अल्मोड़ा, बागेश्वर, चमोली, हरिद्वार, पौड़ी एवं रुद्रप्रयाग में दिनांक 12 जनवरी, 2021 को चयन समिति द्वारा लोकपाल पद हेतु उपस्थित अभ्यर्थियों में से उपयुक्त अभ्यर्थी का चयन किया गया तथा जनपद देहरादून में पात्र अभ्यर्थियों का पैनल (प्रथम एवं द्वितीय वरीयता) की संस्तुति की गई। जिस जनपद में लोकपाल हेतु अभ्यर्थियों को वरीयता क्रम में एम्पैनल किया गया है उनमें यदि प्रथम वरीयता का अभ्यर्थी किन्हीं कारणों से योगदान नहीं करता है तो ऐसी स्थिति में द्वितीय वरीयता वाले अभ्यर्थी को लोकपाल नियुक्त किया जायेगा।

चयन समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि चयनित अभ्यर्थियों की सूची विभागीय/राज्य की वेबसाइट पर अपलोड करते हुए 30 दिन के भीतर उक्त के सम्बन्ध में आपत्तियां प्राप्त कर ली जाये। यदि आपत्तियां प्राप्त होती है तो आपत्तियों के निस्तारण हेतु समिति की बैठक पुनः आहूत की जायेगी, अन्यथा अपर मुख्य सचिव/सचिव, ग्राम्य विकास के स्तर से चयनित अभ्यर्थियों एवं प्रथम वरीय अभ्यर्थी को लोकपाल के पद पर नियुक्ति दिये जाने सम्बन्धी आदेश जारी कर दिया जायेगा। चयन समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि चयनित लोकपाल का कार्यकाल 02 वर्ष का होगा जिसे प्रगति के आधार पर पुनः बढ़ाया जा सकेगा।

**कार्यवृत्त (Agenda) – 2 –** जनपद चम्पावत, पिथौरागढ़ एवं उत्तरकाशी में कार्यरत लोकपाल के नियमानुसार 01 वर्ष का कार्यकाल विस्तार किये जाने के विषय में समिति द्वारा सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारियों से प्राप्त पूर्व लोकपाल की कार्य निष्पादन आख्या का संज्ञान लिया गया। जिलाधिकारी की संस्तुति के आधार पर समिति द्वारा निम्नानुसार इन जनपदों में कार्यरत लोकपाल का आदेश निर्गत होने की तिथि से एक वर्ष की अवधि हेतु कार्यकाल विस्तार को स्वीकृति प्रदान की गयी।

| जनपद | वर्तमान लोकपाल | जन्मतिथि एवं आयु | नियुक्ति की तिथि | समिति का निर्णय |
|---|---|---|---|---|
| चम्पावत | श्रीमती बीमा बोहरा | 1 जून, 1958 (62 वर्ष) | 13 अप्रैल, 2018 | एक वर्ष हेतु कार्यकाल विस्तार |
| पिथौरागढ़ | श्रीमती विनीता कलौनी | 5 अगस्त, 1979 (41 वर्ष) | 25 फरवरी, 2019 | |
| उत्तरकाशी | श्री वी०सी० रमोला | 16 अक्टूबर, 1956 (64 वर्ष) | 13 अप्रैल, 2018 | |

धन्यवाद के साथ लोकपाल चयन समिति की बैठक का समापन किया गया।

| नाम एवं पदनाम | सदस्य/अध्यक्ष | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| श्री मनीषा पंवार<br>अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन। | अध्यक्ष, चयन समिति | |
| सुश्री वन्दना<br>अपर सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन। | सदस्य संयोजक | |
| श्री राजकिशोर मिश्रा<br>RUPAYAAN, स्टेच्यूपारा, भवानीपत्ना, कालाहांडी, उडीसा। | सदस्य<br>(केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा नामित) | |

**पत्रांक : 751 /8–2/4/एमजीएनआरईजीएस/2020–21 दिनांक 14 जनवरी, 2021**

1. श्री रोहित कुमार, संयुक्त सचिव (मनरेगा), ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. अपर सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन/अधिशासी निदेशक, राज्य महात्मा गांधी नरेगा, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. श्री राजकिशोर मिश्रा, स्टेच्यूपारा, भवानीपत्ना, कालाहांडी, उडीसा।

(मनीषा पंवार)
अपर मुख्य सचिव, ग्राम्य विकास